हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 जुलाई 2024

04 कठिन सफर: हाईवे पर मिट्टी से वाहन चालक...


07 जनपद एपीओ व एई आए दिन नदारत, कागजों में ...





## खबर संक्षेप

### सीबीएसई ने निकाली भर्ती, आवेदन मांगे

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्व शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में सीहोर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत 3 सर्वश्रेष्ट विद्यार्थियों का दल भाग लेगा। पर्यटन क्विज 2024 के पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 08 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है।

### माताओं ने अपने पुत्र-पुत्रियों का देखा ऑफिस और जाना सरकारी कामकाज

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 200 से अधिक शासकीय सेवकों ने अपनी मां के साथ किया पौधरोपण

### जिन शासकीय सेवकों की मां नहीं है उन्होंने मां की स्मृति में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कलेक्टर प्रवीण सिंह सहित 200 से अधिक शासकीय सेवकों ने अपनी मां के साथ पौधरोपण किया। जिन शासकीय सेवकों की मां नहीं हैं, उन्होंने मां की स्मृति में पौधरोपण किया। कलेक्टर सिंह ने अपनी 71 वर्षीय मां पुष्पा देवी के साथ पौधरोपण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 15 जुलाई तक अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान की खास बात यह है कि एक पौधा मां के नाम लगाया जाएगा है। जिनकी माताएं जीवित हैं वे मां के साथ पौधरोपण करेंगे और जिनकी मां नहीं है, वे मां की स्मृति में पौधे लगाएंगे। कलेक्टर सिंह ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर उनके सम्मान मे एक पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, धरती की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सबका कर्तव्य है।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि आज उन्होंने अपनी माता पुष्पा देवी को अपने कार्यालय का अवलोकन कराया और उन्होंने कलेक्टर के दायित्वों और शासकीय आदेश-निर्देशों के पालन की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मेरी माताजी का मेरे कार्यालय में आना मेरे लिए एक सुखद और अद्भुत पल है। कलेक्टर कार्यालय के अलावा सभी विभागों द्वारा उनके कार्यालय परिसर में भी पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारियों के साथ ही पत्रकारों ने भी पौधरोपण किया।



#### माताएं अपने बेटे-बेटियों के ऑफिस में आकर बेहद प्रसन्न नजर आईं

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि पौधरोपण के पश्चात यहां उपस्थित माताओं ने अपने बेटे-बेटियों के कार्यालय का अवलोकन किया और उनके कामकाज से अवगत हुए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आज जो भी, जिस पद पर है, वह उनके माता-पिता की मेहनत और आशीर्वाद से है। इसलिए मैंने सभी शासकीय सेवकों से आग्रह किया था कि पौधरोपण के बाद अपनी मां को अपने कार्यालय अवश्य लेकर जाएं और अपने कामकाज की बारे में उन्हें बताए। महिला एवं बाल विकास कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन अमृता वर्मा की माताजी माधुरी वर्मा एवं लोक सेवा प्रबंधक विजय बामकले की माता सरिता बामकले तथा कृषि विभाग में टेक्निकल असिसटेंट के पद पर पदस्थ कविता राठौर की माता दुर्गा राठौर सहित अन्य माताओं ने अपने बच्चों के कार्यालय देखे और उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को समझा। सभी माताएं अपने बेटे-बेटियों के आफिस में आकर बेहद प्रसन्न नजर आईं।

#### मां का सम्मान और धरती मां की रक्षा

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गये एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य मां और धरती मां के प्रति सम्मान प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि धरती भी मां के समान हमारा ख्याल रखती है। धरती मां ही हम सबके जीवन का आधार है, इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि हम धरती मां का भी ख्याल रखें। मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

#### 107 वर्षीय रामप्यारी बाई ने लगाया पौधा

107 वर्षीय रामप्यारी बाई गुप्ता ने अपनी शासकीय सेवारत बहू अनीता गुप्ता के साथ बुधवार सुबाह 10 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर में पंहुचकर पौधरोपण किया। रामप्यारी बाई ने कहा कि पेड़ पौधे से ही जीवन है। इसलिये धरती को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पुरी धरती को हरा भरा बनाने की जिमेदारी पूरे समाज की है। उन्होंने कहा कि जब में 107 साल की उम्र में पौधा लगा सकती हूं तो आप सभी को पौधा लगाना चाहिये।





## थाने की व्यवस्थाएं देख डीआईजी ने की स्टॉफ की सराहना



**रेहटी।** प्रदेशभर में कानून व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए लगातार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी थानों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा भी ले रहे हैं तो वहीं थाना प्रभारियों के साथ स्टाफ को दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में भोपाल रेंज के डीआईजी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने भी सीहोर जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के साथ जिले के रेहटी थाने एवं सलकनपुर चौकी में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने रेहटी थाने में थाना प्रभारी राजेश कहारे सहित समस्त स्टॉफ से नए कानून के संबंध में चर्चा की तो वहीं थाने का रिकार्ड भी देखा। डीआईजी ओम प्रकाश त्रिपाठी ने थाने की व्यवस्थाओं और रिकॉर्ड को लेकर थाना प्रभारी राजेश कहारे सहित समस्त स्टाफ की तारीफ की तो वहीं नए कानूनों को बेहतर तरीके से लागू करने के संबंध में दिशा-निर्देश भी दिए। भोपाल रेंज डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं सीहोर जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने सलकनपुर पहुंचकर चौकी का भी निरीक्षण किया तो वहीं उन्होंने कंट्रोल रूम की भी व्यवस्थाएं देखी। यहां पर भी उन्हें व्यवस्थाएं बेहतर नजर आई और उन्होंने इसकी भी तारीफ की। इस दौरान एसडीओपी बुधनी शशांक गुर्जर, रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे, सलकनपुर चौकी प्रभारी भवानी सिंह सिकरवार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

#### सीहोर कोतवाली थाना पुलिस भी लूट चुकी है वाहवाही

इससे पहले सीहोर जिले की सीहोर कोतवाली थाना पुलिस भी वरिष्ठ अधिकारियों की प्रशंसा प्राप्त कर चुकी है। पिछले दिनों रात्रिकालीन। कांबिंग गश्त के दौरान प्रदेश के पुलिस मुखिया खुद सीहोर के कोतवाली थाने में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने यहां पर रिकॉर्ड भी देखा तो वही व्यवस्थाएं भी देखी थी। डीजीपी सुधीर सक्सेना सीहोर कोतवाली थाने की व्यवस्था को देखकर गदगद भी हुए थे और उन्होंने थाना प्रभारी गिरीश दुबे सहित स्टाफ की तारीफ भी की थी। अब भोपाल रेंज के डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे सहित स्टाफ की तारीफ की है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा।

## चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या, पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पत्नी के चरित्र पर शंका के चलते पति ने पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। आष्टा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बेदाखेड़ी में आरोपी पति अर्जुन सेन ने जो कि अपनी पत्नी पर शंका करता था। उसी शंका के चलते गुस्से में पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने मृतिका सरिता पत्नी अर्जुन सेन (35) साल निवासी बेदाखेड़ी के शव को सिविल अस्पताल भेजा गया। पीएम के बाद अंतिम कार्यक्रम के लिए शव को परिजनों को सौंपा गया। टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पति अपनी पत्नी पर शंका करता था और शंका के तहत उसने गुस्से में अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

टीआई यादव ने बताया कि आरोपी पति को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। आष्टा पुलिस ने आरोपी अर्जुन सेन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कार्रवाई शुरू की है।

## 3 आरोपियों से 12 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त

### 1 सप्लायर और 2 खरीददार सहित तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भैरुंदा।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के पालन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरुंदा के नेतृत्व में टीम का गठित कर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भंवर सिंह बारेला निवासी ग्राम बसंतपुर के घर पर दो लोग आए हैं, घर के बाहर काले रंग की प्लैटिना खड़ी है जिनके पास गांजा होने की सूचना है। मुखबीर से प्राप्त सूचना की तस्दीक व वैधानिक कार्यवाही करने बल के साथ मौके पर पहुंच कर दबिश दी मौके पर,भंवर सिंह बारेला पिता धनसिंह बारेला उम्र 35 साल निवासी ग्राम बसंतपुर थाना भैरूंदा.पवन लोदवाल पिता भागीरथ लोदवाल उम्र 37 साल निवासी ग्राम हमीदगंज थाना गोपालपुर, दिनेश कुमार पिता गुलाब सिंह उम्र 30 साल निवासी ग्राम बसंतपुर थाना भैरूंदा तीनों से मौके पर पृथक पृथक पूछताछ की गई। मौके पर विधि अनुसार कार्यवाही की जाकर भंवर सिंह बारेला के घर की तलाशी लेने पर भंवर सिंह बारेला के घर के कमरे में रखे पलंग के नीचे सफेद प्लास्टिक की बोरी मिली जिसको खोलकर चेक किया गया जिसमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया व आरोपी पवन लोदवाल एवं दिनेश कुमार के कब्जे से एक हरे रंग का रेगजीन का बैग मिला जिसमें गांजे जैसी गंध का पदार्थ भरा हुआ मिला। आरोपी भंवर सिंह बारेला के कब्जे से जप्त मादक पदार्थ का वजन 8 किलो एवं खरीददार पवन लोदवाल व दिनेश कुमार के पास से जप्त बैग में मादक पदार्थ का वजन 4 किलो 200 ग्राम पाया गया। तीनों आरोपीयो के कब्जे से कुल 12 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं घटना में मोटरसाइकिल करीबन 60000 को जप्त कर कार्यवाही की गई। तीनों आरोपियों के खिलाफ अन्य धारा और एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपियो को न्यायालय सीहोर में पेश किया गया है जहां से पुलिस रिमांड के लिए गांजे के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



## जिले में अब तक 156.1 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0 मिलीमीटर, श्यामपुर में 3, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 3, भैरूंदा में 3, बुधनी में 5, रेहटी में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से तीन जुलाई को सुबह 8 बजे तक 156.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 176.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से तीन जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 224, मिलीमीटर, श्यामपुर में 206.5, आष्टा में 114, जावर में 131, इछावर में 263, भैरूंदा में 103, बुधनी में 97 तथा रेहटी में 110.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



### सीहोर को बजट में मिली नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना

# 824 करोड़ का प्रावधान, सिंचाई और पेयजल के लिए भरपूर मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश विधानसभा में बुधवार को बजट पेश हुआ। जिसमें नागरिकों के हित में अनेक प्रावधान किए गए हैं और उन्हें स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इस बजट में सीहोर जिले को भी कई सौगातें मिली हैं।

जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के बजट में सीहोर जिले में पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज, पीएम श्री बस योजना का लाभ जिले को मिलना सुनिश्चित हो गया है। इसी प्रकार नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के पेश प्रथम और द्वितीय के लिए 224 करोड़ रुपये, जबकि नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के फेस 3 और 4 के लिए 600 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना से सीधे-सीधे तौर पर सीहोर जिले को लाभ होगा क्योंकि पार्वती नदी सीहोर जिले में ही बहती है और नर्मदा नदी भी सीहोर जिले के अधिकांश क्षेत्रों से होकर निकलती है।

ऐसे में नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के लिए प्रावधान किए जाने से पार्वती नदी में भी अब 12 महीने पानी रह सकेगा। जहां एक और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा, वहीं अनेक क्षेत्रों में पेयजल संकट की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। इसी प्रकार एक जिला एक उत्पाद में भी जिले को लाभ मिलेगा।


फाइल फोटो

## बच्चों के स्कूल में नहीं हो रहे एडमिशन, कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन

**सीहोर।** पारधी समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल रहे हैं जिससे बच्चों के स्कूल में एडमिशन नहीं हो रहे हैं। पारधी समाज उत्थान समिति ने आक्रोश जताया है। पारधी समाज उत्थान समिति अध्यक्ष समिति अध्यक्ष अनसाब पुंवार, सचिव लाखून सिंह सिसोदिया, कोषाध्यक्ष दिलपाल चौहान ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है।

पारधी समाज में व्याप्त सामाजिक बुराईयों को मिटाने शिक्षा के स्तर को बढ़ाने सहित आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम मूंदीखेडी-झिलेला में समाज के मुखिया सिकन्दर सौलंकी के आह्वान पर सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। पारधी समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र नही मिल रहे है बच्चों के स्कूल में एडमिशन नही हों रहे है पर चर्चा की गई। समिति के सरदुद्दीन पुंवार, दुलूप सिंह पुंवार, बने सिंह परमाल, वेनसी परमाल, रईपाल पुंवार, असमान सिंह सिसोदिया, आदेश परमाल, अजयपाल चौहान, सब्जी कुँवर चौहान सदस्या के रूप में शामिल है।



## खबर संक्षेप



### अनमोल ने बैंगलोर में किया नाम रोशन

**सीहोर।** शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जब भी इनको मंच मिलता है, वह अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करते आ रहे है। गत दिनों आईसीएन द्वारा मेन फिटनेस बॉडी बिल्डर कंपटीशन बैंगलोर में आयोजित किया गया था। इस आयोजन में सीहोर के युवा अनमोल राठौर ने भाग लेकर मेंस मसल माडल में तीसरा और मेंस फिजिक में चौथा स्थान हासिल किया था, कंपटीशन में देश भर के अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। बैंगलोर में हुए कंपटीशन में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनमोल राठौर शहर के प्रसिद्ध गल्ला व्यवसायी मोहन राठौर के पुत्र एवं वर्तमान में निजी कंपनी में कार्यरत है। अनमोल की इस शानदार सफलता पर क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है। इससे पहले उन्होंने गोवा में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

### भाजयुमो नगर मंडल ने फूंका राहुल का पुतला




**सीहोर।** हिन्दू विरोधी राहुल गांधी लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज के बारे में दिए गए विवादित बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा शहर के कोतवाली चौराहा पर विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया, साथ ही युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने संदेश दिया कि जब भी हिन्दू समाज का अपमान कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं द्वारा किया जाएगा तब तब भाजपा युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सड़क पर उतरेगा । राहुल गांधी पहले पूर्ण रूप से हिंदू बने तो उन्हें पता चलेगा क्या होता हे हिन्दू धर्म , अलग अलग राज्य में अपना धर्म बदलने वाले राहुल गांधी हिंदुत्व की बात पर चुप ही रहे तो उचित है ।बता दें कि सोमवार को राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया था। जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है। राहुल गांधी हमेशा ऊंट पटांग बयान देते हैं। वह हिंदू विरोधी हैं। उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं को कई बार आहत किया है। इसलिए राहुल गांधी माफी मांगे नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी सदस्यता को भी रद्द किया जाए। अगर राहुल गांधी दोबारा ऐसी गलती करते हैं, तो उनको सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय, विजय यादव, सत्यम राठौर, समीर सेन, नट्टू राठौर, तुषार सोनी, विशाल पटीदार, कान्हा सोनी, मोंटी राठौर, रवि विश्वकर्मा, सत्यम सोनी, रोहित यादव, शशांक यादव, आयुष तोमर, राज ठाकुर, अरुण सेन, विशाल बिलवान, विनय यादव, दीपक राठौर, अंकित राठौर, सतीश पटेल, विजय पटेल शामिल थे ।

सिंगल पट्टी होने के कारण भारी वाहनों के चलने से सड़क पर कई जगह पर हो चुके हैं एक फीट गहरे गड्ढे

# कठिन सफर: हाईवे पर मिट्टी से वाहन चालक फिसल रहे, लोग हो रहे हैं हादसे का शिकार

मुख्य सड़क मार्ग इन दिनों पूरी तरह से खराब हो चुका है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे वाहन चालकों की खासी मुसीबत बढ़ गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



बुधनी विधानसभा क्षेत्र में बुधनी से लेकर भैरुंदा नेशनल हाईवे पर निर्माण का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। बारिश के चलते सड़क पर वाहन फंस रहे हैं जिसके कारण रोड पर कई घंटों तक जाम लग जाता है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य सड़क मार्ग इन दिनों पूरी तरह से खराब हो चुका है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे वाहन चालकों की खासी मुसीबत बढ़ गई है।

बुधनी से भैरूंदा हाईवे सड़क निर्माण कार्य में देरी के चलते रोजाना हादसों का अंदेशा बना रहता है छोटे छोटे गड्ढे तेजी से बड़े गड्ढों में परिवर्तित हो गए है। सिंगल पट्टी होने की वजह से रोजान जाम की स्थिति बनी रहती है हाईवे की सड़क इन दिनों बारिश चलते पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे वाहन चालकों की खासी मुसीबत बढ़ गई है। सड़क निर्माण कार्य में दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी डाल दिया है सिंगल पट्टी होने की वजह से भारी वाहनों के चलने से सड़क पर कई जगह पर एक फिट तक गहरी नाली पड़ चुकी है। जिससे दो पहिया वाहन चालकों और छोटे वाहनों की शामत बनी हुई है। सबसे ज्यादा मुसीबत दो पहिया वाहन चालकों को सड़क पर डली पीली मिट्टी से है जो बारिश के चलते कीचड़ में तब्दील हो गई और वाहन सड़क पर अनियंत्रित हो कर फिसल रहे है। हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क पर डली मिट्टी बारिश में लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। मिट्टी की वजह से सड़क पर फिसलन बढ़ गई है। इससे बाइक सवार उठते-गिरते व संभलते नजर आ रहे हैं। वाहन फिसलने से कई वाहन एक-दूसरे से टकरा रहे हैं, हादसे का शिकार हो रहे हैं।

रोजाना भारी वाहन सड़क पर फस रहे हैं जिसके कारण घंटो सड़क पर भारी वाहनों का जाम भी लगता है। इस सड़क से रोजाना बड़े अधिकारी तक निकलते हैं फिर भी इस सड़क पर किसी अधिकारी का ध्यान अब तक नहीं गया हैं।

कांग्रेस नेता बुधनी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विक्रम मस्ताल ( हनुमानजी) का कहना है की सड़क निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार और आधिकारी की मिली भगत से घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है सड़क निर्माण कार्य भी धीमी गति से चल रहा है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा रहा है रोजाना वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। घंटो तक रोड पर जाम लगा रहता है सड़क पर चलने वाले वाहन फंस रहे हैं लेकिन ये सब आधिकारियों को नही दिखाई दे रहा है।

## परेशानी: आक्रोशित किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे, दो पक्षों में रास्ते को लेकर चल रहा है विवाद



**सीहोर।** भैरूंदा के रतनपुर गांव के कुछ आक्रोशित किसान मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने खेतों पर जाने के लिए रास्ता दिलाए जाने की मांग की। इनका कहना था कि पारिवारिक रास्ता बंदकर यहां बख्तर चलाकर इसे खेत में तब्दील कर दिया गया है। रास्ता नहीं दिए जाने से अब इन किसानों को परेशानी हो रही है। इसे लेकर एक ज्ञापन दिया गया।

कलेक्ट्रेट न्याय के लिए पहुंचे भैरूंदा रतनपुर के किसान कमल सिंह ने बताया कि उनके परदादा के चार पुत्र थे। सभी के नाम कृषि भूमि राजस्व विभाग में दर्ज है। इस जमीन में राजस्व रिकॉर्ड में कोई शासकीय रास्ता नहीं है। तत्कालीन स्थिति में खेतों पर जाने के लिए पारिवारिक रास्ता भी सभी की सहमति से छोड़ा गया था।

चारों भाइयों की मृत्यु के बाद अब बेटों के नाम भूमि स्थानांतरित हो गई है लेकिन इनमें से कुछ ने 30 जून को पारिवारिक रास्ता बंदकर बख्तर चला दिया। इससे रास्ते को खेत बना दिया गया है जिस कारण हम अपने खेतों में बोवनी करने नहीं जा पा रहे हैं। किसानों का कहना था कि वे भैरूंदा एसडीएम और तहसीलदार को भी लिखित आवेदन दे चुके हैं और अपनी परेशानी से अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। किसानों ने जिला प्रशासन से रास्ता दिलाने की मांग की है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की गई जनसुनवाई




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक जुलाई को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 55 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने सभी आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, सहित सभी संबंधित अधिकारियों ने जनसुनवाई की।

## गांव की सुहानी नीदरलैंड रवाना: वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप रोइंग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय की बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा सुहानी मीना अंतर्राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। भैरूंदा नगर में अग्रणी राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय की बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा सुहानी मीना नीदरलैंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी नीदरलैंड में यह प्रतियोगिता 3 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी पूर्व में भी सुहानी मीना का मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुआ था।

सुहानी मीणा की वॉटर स्पोर्ट्स रोइंग में बहुत उपलब्धिया रही है नवंबर 2023 में गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीता 25 दिसंबर 2023 को चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त किया और 27 जनवरी 2024 को महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित सीनियर नेशनल गेम्स में एक रजत पदक एवं कांस्य पदक विजेता रही अप्रैल में पंजाब के पठानकोट में आयोजित ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन किया और सुहानी का चयन नीदरलैंड के लिए हुआ। सुहानी मीणा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक महोदय डॉ नरेंद्र सिंह भाटी ने गोल्ड मेडल जीत कर लाने की अग्रिम बधाई दी और कहा कि सुहानी ने हमारे देश,प्रदेश,नगर और हमारे महाविद्यालय का नाम रोशन किया है इस मौके पर संस्था के प्राचार्य डॉ रमाकर रायजादा उप प्राचार्य डॉ. वाय एस चंदेल खेल अधिकारी नरेंद्र सिंह चौहान सहायक अधिकारी सुमित शर्मा समस्त सहायक अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा सुहानी को अग्रिम बधाई दी गई।

### राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को होगा। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण 2 जुलाई तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हैं।

### रद्द की जाए मेधा पाटकर की सजा राष्ट्रपति के नाम दिया गया ज्ञापन

**सीहोर।** झूठे आरोपों में गिरफतार की गई सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की सजा को रदद करने की मांग राष्ट्रपति से की गई। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय महासचिव प्रहलाद दास बैरागी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया। बैरागी ने ज्ञापन में कहा कि गुजरात के जे.के. सीमेंट और अडानी की संयुक्त परियोजना धोलेरा के पदाधिकारी बीके सक्सेना 1990 से बने थे। सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा बचाओ आंदोलन में जब 1991 से घाटी के हजारों आदिवासी, किसान, दलित, मजदूर, मछुआरे, व्यापारी सभी विस्थापितों के अधिकारों के लिए कानूनी और अहिंसक संघर्ष किया, तभी से आंदोलन की खिलाफत की जा रही थी। आंदोलन विस्थापितों के संपूर्ण पुनर्वास के लिए चला था, गुजरात की कंपनियों को पानी देने के विरोध में नही था अर्थात विस्थापितों के संपूर्ण पुनर्वास और उसके बिना किसी का घर, खेत डूबने न देने के कानून, नीति तथा न्यायालयीन फैसलों के पालन के पक्ष में आंदोलन चलाया गया था यह आंदोलन देश के तीन राज्यों के 244 गांव और एक नगर के 50 हजार से अधिक परिवारों के पुनर्वास के लिए जरूरी था। मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी में ही नही, देश के विभिन्न इलाकों के श्रमिकों, किसानों, मजदूरों, शहरी गरीबों और जल-जंगल-जमीन पर जीने वाले आदिवासियों के साथ कार्य किया।

### बजरंग दल, विहिप ने राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उनका पुतला फूंका



**बुधनी।** संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हिंदू धर्म पर कथित टिप्पणी वाले मामले को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राहुल गांधी का पुतला जलाया इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे वहीं मौके पर ही उन्होंने राष्ट्रपति से राहुल गांधी की संसद से सदस्यता समाप्त करने की मांग भी की इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्जुन मालवीय,सतीश गुप्ता, सत्येंद्र शर्मा,प्रभात भदोरिया, पियूष बिल्लौरे, भानु यादव, राजू कुशवाहा, पंकज जाट,बंटी दीक्षित, विजय सक्सेना, सोनू चौहान, विवेक राजपूत, सुनील कुशवाहा, दीपक साहू,करण खत्री, अनीश राजपूत, जगदीश मांझी, राजेश मांझी, अंकित साहू, निमंत राम प्रजापति, साक्षी शर्मा, विपिन राजपूत, आदि उपस्थित रहे।

## हाथरस भगदड़ के मृतकों को भाजपा नेता जसपाल सिंह ने दी श्रद्धांजलि



**सीहोर।** उत्तरप्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई 122 लोगों की मौत पर सीहोर के भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने अपने कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अरोरा ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। ऐसी घटनाएं मन को विचलित कर देती हैं। लोग सत्संग सुनने के लिए एकत्रित हुए थे, लेकिन अचानक हुई भगदड़ में 122 से अधिक निर्दोष लोग मारे गए। अरोरा ने कहा कि ईश्वर सभी मृतकों को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं मृतकों के परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस घटना में कई महिलाएं एवं बच्चों की मौत हुई है। घटना के कारण कई घर उजड़ गए हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि घटना बेहद दुखद है, लेकिन इस घटना के दोषियों पर भी यूपी सरकार को कठोर कार्रवाई करना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और दोषियों को सबब लगे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान भाजपा नेता, कार्यकर्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## किसानों ने उपमुख्यमंत्री को हल भेंटकर स्वास्थ्य समस्या हल करने की रखी मांग



**सीहोर।** जिला सीहोर के ग्राम चन्देरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गाँव के किसानों ने भोपाल पहुंचकर किसान उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के बंगले पर पहुंचे और बारिस के पानी में भीगते हुए जब तक उपमुख्य मंत्री विधानसभा से नही आये उनके इंतजार में अनोखे तरीके से किसानों ने डांडिया नृत्य करते रहे।

जब उपमुख्यमंत्री सीधे विधानसभा से किसानों के बीच पहुंचे और सभी किसानों से मुलाकात की किसानों ने शुक्ल को लकड़ी का हल भेंट कर ग्राम चंदेरी में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की मांग रखी। साथ ही अन्य गांवों में स्वास्थ्य कर्मचारी बढ़ाने की मांग की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांवों की समस्याओं से भी उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस मौके पर डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा की जो भी किसानों की समस्या होगी वह हल की जाएगी। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल भी डांडिया नृत्य में शामिल होकर किसानों के साथ मिलकर डांडिया नृत्य करते नजर आये। इस मौके पर ग्राम चंदेरी सहित ग्राम हीरापुर के हरिसिंह परमार, गुलाब सिंह, सवाई सिंह, कालूराम, रामेश्वर, ग्राम रामाखेड़ी के मोतीलाल मेवाड़ा, राम सिंह, ग्राम देवरिया के पुरुषोत्तम मेवाड़ा, बंटी मेवाड़ा, ग्राम कुलांस खुर्द के रमेश चंद वर्मा, ग्राम मानपुर के कमलसिंह कुशवाह सहित दर्जनों गांव के किसान मौजूद थे।

### महाविद्यालय के प्रांगण में छायादार और फलदार पौधे लगाए

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के अंतर्गत आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर में माननीय कुलपति महोदय डॉ. एके शुक्ला के संरक्षण एवं अधिष्ठाता डॉ. एम यासमीन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है इस वर्ष इसकी थीम भूमि पुनरुद्धार मरुस्थलीयकरण और सूखे से निपटने की क्षमता रखी गई है। जिसके अंतर्गत हरित एवं एक पेड़ मां के नाम के विषय को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे महाविद्यालय के प्रांगण में लगाए गए । जिसमें लगभग 200 छात्र छात्राएं एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता के द्वारा ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखते हुए पेड़ों का महत्व समझाया तथा विलुप्त हो रहे बर्ड लाइफ के बारे में बताया। पेड़ न ही तापमान को कम करते हैं अपितु मृदा की जल धारण क्षमता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से कुलपति द्वारा भी संबोधित किया गया एवं छात्रों को पौधरोपण के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही ऑक्सीजन कॉलेज स्तर पर बनाए जाने एवं आधिकारिक फलदार पौधों को लगाने पर जोर दिया गया। एवं छात्रों के द्वारा नारा श्कहते हैं सब वेद पुराण एक वृक्ष दस पुत्र सामानश लगाया गया। कार्यक्रम का समन्वयं डॉ. आके धाकड़ एवं डॉ. प्रियंका गुर्जर के द्वारा किया गया। एक पेड़ मां के नाम का विषय प्रधानमंत्री द्वारा पूर्ण भारतवर्ष में चलाया जा रहा है तथा हरित महोत्सव कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में देश एवं प्रदेश भर में आज पौधारोपण किया जा रहा है। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. एसए अली, डॉ. एससी गुप्ता, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. आरसी जैन, डॉ. एसएस कुशवाह, डॉ. आरके जायसवाल, डॉ. डीके रैदास, डॉ. बीआर बरैया, डॉ. एके चौधरी, डॉ. अभिलाषा शर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार डॉ. निशांत भानु द्वारा व्यक्त किया गया।

### जैन समाज की महिलाओं ने किया रक्तदान




**सीहोर।** अखिल भारतीय महिला परिषद के आह्वान पर सीहोर शाखा के अंजना संभाग भक्ति महिला परिषद सीहोर जैन समाज की महिलाओं द्वारा रक्तदान किया गया। भक्ति महिला परिषद सीहोर जैन समाज की महिलाओं ने रक्तदान शिविर की श्रृंखला में रक्तदान किया। ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय सीहोर पहुंचकर रक्तदान शिविर में संगीता जैन नेहा जैन सुचित्रा जैन एवं तिलका जैन ने रक्तदान महादान किया ।

## शिविर में लोगों को डेंगू के प्रति किया जागरुक




**सीहोर।** भैरूंदा विकासखंड के निम्नागांव में डेंगू के प्रति जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में राज्य स्तर के विशेषज्ञों द्वारा आमजनों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें डेंगू एवं मच्छरों की प्रजाति के बारे में जानकारी दी गई। इसी के साथ फीवर सर्वे कर संदिग्ध मरीजों के सैम्पल लिए गए और उन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया। वर्तमान में निम्नागांव की स्थिति में सुधार है। विकासखण्ड स्तरीय दल द्वारा निरंतर लार्वा सर्वे किया जा रहा है तथा ग्राम में स्वास्थ्य दल को चिकित्सकीय परीक्षण के साथ लार्वा फीवर सर्वे के लिए सभी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। शिविर में राज्य कीट विज्ञानी शैलेन्द्र सिंह, जिला एपीडियोमिलॉजिस्ट डॉ. रूचिरा उईके, जिला डाटा प्रबंधक अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएमएचओ ने दिए मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश, सिविल सर्जन ने साधा मौन! नोटिस जारी

**16 साल के डॉ कटेरिया व अन्य के अटैचमेंट को खत्म कर मूलपदस्थापना पर जाने के हुए थे आदेश परंतु सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह ने नहीं किया कार्यमुक्त**

**निकले 10 दिन, अपने राजनैतिक रसूक एवं अधिकारिक ताकत दिखाकर डॉ कटेरिया नहीं देना चाहते ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में मूलपदस्थापना वाले डॉ राजेन्द्र कठेरिया का जिला मुख्यालय से मोह भंग नहीं हो पा रहा है। यदि डॉक्टर का काम सिर्फ मरीजों का इलाज करना है तो फिर स्थान मायने नहीं रखता। परंतु हैरत की बात यह है कि सिर्फ वे ही नहीं जिला चिकित्सालय के सोमवार तक सिविल सर्जन रहे डॉ रूपसिंह भी ऐसा ही चाहते है। यह इस बात से प्रमाणित हो जाता है कि 22 जून को सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा द्वारा जारी एक आदेश में डॉ कठेरिया और स्वाति किरार का अटैंचमेंट खत्म कर उन्हें तत्काल दिनांक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर एवं मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाना था परन्तु आज तक सिविल सर्जन ने रिलीव होने के आदेश जारी नहीं किए। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को परेशानियां भुगतना पड़ रही है।

## तत्कालीन प्रभारी सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह को कारण बताओ नोटिस जारी

सोमवार तक प्रभारी सिविल सर्जन के पद पर रहे डॉ रूपसिंह को सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने एक पत्र जारी करते हुए पूछा है कि क्यों डॉ कठेरिया को अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया। आपका यह कृत्य वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना के श्रेणी में आता है। क्यों न आपके विरूद्ध जांच अधिरोपित की जावे। 3 दिनों में अपना प्रतिउत्तर कार्यालय को प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही के लिए वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जाएगा।



जनप्रतिनिधि बोले अब तो जिला मुख्यालय का मोह छोड़ ग्रामीणों को भी देना चाहिए स्वास्थ्य सेवाएं
'अभयदान' की तलाश में डॉ कटेरिया! 5 दिन निकले नहीं पहुंचे मूलपदस्थापना पर
सीएमएचओ बोलीं 7 दिन का दिया है समय, अटैचमेंट में होते हुए सरकारी आवास भी बताया नियम विरूद्ध
16 साल बाद डॉ कटेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी
50 से ज्यादा स्वास्थ्य अमले को है क्वार्टर की सख्त आवश्यकता
बोले राजगढ़ विधायक - खुजनेर में है इनकी जरूरत
सांसद प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य बोले डॉक्टर ग्रामीणों क्षेत्रों में भी दें सेवाएं

**इनका कहना है**

मैने आज ही चार्ज लिया है। अभी इस प्रकरण के बारे में मुझे पता नहीं है। मैं दिखवा लेता हूं।

डॉ रजनीश शर्मा,
सिविल सर्जन जिला अस्पताल राजगढ़

## गया सिविल सर्जन का प्रभार, नया चार्ज डॉ रजनीश को


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/शिकायत/2024/6598 राजगढ़, दिनांक 01/07/2024
प्रति,
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय राजगढ
विषयः- डॉ.राजेन्द्र कटारिया मेडिकल ऑफिसर को कार्यमुक्त करने के संबंध में।
संदर्भः- हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिनांक 28.06.2024 के संबध में।
उपरोक्त विषय में लेख है कि दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिनांक 28.06.2024 द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि आपके जिला चिकित्सालय में संलग्न डॉ. राजेन्द्र कटारिया को कार्यमुक्त आदेश जारी करने के उपरांत भी आपके द्वारा संबंधित चिकित्सक को सामु.स्वा.केन्द्र खुजनेर के लिए कार्यमुक्त नही किया गया है।
वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना किये जाने के संबंध में क्यो ना आपके विरूद्ध जाँच अधिरोपित की जावे। 03 दिवस में अपना प्रतिउत्तर कार्यालय को प्रस्तुत करे। अन्यथा आपके विरूद्ध कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करावे।
(डॉ.किरण वाडीवा)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
पृ.क्रमांक/शिकायत/2024/6599 राजगढ़, दिनांक 01/07/2024
प्रतिलिपि –
1. कलेक्टर महोदय जिला राजगढ कि ओर सूचनार्थ।
2. उप संचालक अस्पताल प्रशासन संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल।
3. संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

*जिले भर की स्वास्थ्य सेवाओं को नजर अंदाज करने वाले सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह परिहार ने किन कारणों से डॉ राजेन्द्र कठेरिया को रिलीव नहीं किया यह तो जांच का विषय है। परंतु एक बात स्पष्ट है कि जिला अस्पताल में डॉ भी एक गेंग के तौर पर काम कर रहे है उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को होने वाली परेशानी से कोई सरोकार नहीं जिसके चलते 22 जून से 1 जुलाई तक भी सिविल सर्जन डॉ रूपसिंह ने डॉ कठेरिया को कार्यमुक्त नहीं किया जबकि सीएमएचओ ने अपने आदेश में तुरंत मूल पदस्थापना पर जाने की बात कही थी। डॉ रूपसिंह को सिविल सर्जन के प्रभार से मुक्त करते हुए मंगलवार को सिविल सर्जन का चार्ज डॉ रजनीश शर्मा को सौंपा गया है।*

## राजगढ़ विधायक व जिला पंचायत सदस्य भी जता चुके हैं नाराजगी

*राजगढ विधायक अमर सिंह ने डॉ कठेरिया के अटैचमेंट को खत्म होने एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में अपनी सेवाएं नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की है वहीं जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि रघुवीर सिंह पंवार ,बब्लू पटेल ने भी अभी तक रिलीव नहीं होने पर सिविल सर्जन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।*

**बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई**

# जनपद में महिला बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल

जनपद पंचायत परिसर के सभागृह में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति की बैठक सभापति देवी सिंह गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को अक्षर ज्ञान, अनिवार्य टीकाकरण, गुणवत्तापूर्ण पोषण, स्वास्थ जांच, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी 2.0 सहित शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाएं जो बच्चों व महिलाओं से संबंधित हैं के बारे में चर्चा की गई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बारे में मंथन किया गया। साथ ही जिन पर्यवेक्षकों को सेक्टर में पदस्थ रहते हुए अधिक समय हो गया उन्हें परिवर्तित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सरिता भोजराज पवार जनपद अध्यक्ष, दीपिका रामचंद्र शर्मा अध्यक्ष सहकारिता एवं समिति, सदस्य पुष्पा विष्णु पाटीदार, हेमलता देवराज मालवीय, ताहिर खा, कांता प्रसाद परमार, परियोजना अधिकारी ललित कुमार राठौड़ तथा स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा में उच्च परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों व मीडिया का सम्मान किया



**कालापीपल।** बुधवार को सेंट टेरेसा कॉन्वेंट हाई सेकंडरी स्कूल संस्था द्वारा स्कूल में बोर्ड परीक्षा में उच्च परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ कालापीपल मीडिया द्वारा जो उच्च कोटि का कार्य किया जा रहा है उसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालापीपाल के पुष्पेंद्र बीआरसी जसवंत सिंह बेस व विशेष अतिथि शुजालपुर बीआरसी सुरेंद्र गोखले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथिगण व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि के साथ पालकगण का स्वागत किया गया। स्कूल मैनेजर सिस्टर पुष्पा मन्नूर ने अतिथियों का सत्कार किया और कार्यक्रम में सभी मीडिया प्रभारी को शॉल श्रीफल तथा पुष्प माला से सम्मानित किया। इसी बेला को आगे बढ़ते हुए संस्था के दसवीं, बारहवीं में उच्च परिणाम लाने वाले एवं नीट परीक्षा में चयनित होने वाले संस्था के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकगण को शील्ड व पुष्प माला के साथ सम्मानित किया।

## चौरसिया को पेंशनर संघ राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया



**जीरापुर।** मध्य प्रदेश पेंशनर संघ राजगढ़ जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार नागर ने संघ के आजीवन सदस्य सेवा निवृत लेखापाल रमेश चंद चौरसिया को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पेंशनर संघ शाखा अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि संगठन के कार्य को गति देने एवं सक्रियता प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से चौरसिया को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर शाखा के मोहन सिंह जमींदार, क्रिस्टोफर एक्का, जगदीश गुप्ता, मोहनलाल हिडोंनिया, अशरफ खान, रमेशचंद्र शर्मा, केएल जायसवाल, शमशेर खान, सुरेश भावसार, रामरतन कुशवाह, मोहनलाल स्वर्णकार सहित अन्य सदस्यों ने चौरसिया को बधाई प्रेषित की।

# सिविल अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था

## सीएमएचओ ने महिला चिकित्सक को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर




सिविल अस्पताल सारंगपुर शायद खुद बीमार हालत में है। यही कारण है कि डॉक्टर भी अब अपनी मनमानी के अनुरूप ही सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सालय में मामूली फेक्चर के मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। दंत चिकित्सकों को अन्य बीमारियों का इलाज करते देखा जा सकता है। वहीं मेडिकल कराने आने वाले लोगों को 4 घंटे ड्यूटी डॉक्टर का इंतजार करना पड़ता है। ये सब नजारा सारंगपुर चिकत्सालय में आसानी देखा जा सकता है। ऐसी शिकायत एसडीएम संजय उपाध्याय से लेकर कलेक्टर हर्ष दीक्षित तक पहुंची। हालांकि कलेक्टर के संज्ञान में मामला जाने से रात 12 बजे सीबीएमओ सहित ड्यूटी डॉक्टर गोपाल परमार, महिला चिकत्सक तस्लीम मंसूरी भी पहुंची।

मंगलवार रात में लीमाचौहान थाना प्रभारी और महिला कॉन्स्टेबल नाबालिग को परिजनों के साथ सारंगपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां महिला चिकित्सक तस्लीम मंसूरी मेडिकल के लिए तैयार तो हुई लेकिन कुछ ही देर में अपने स्वभाव के अनुरूप हठधर्मिता दिखाते हुए स्लॉट फेंक कर घर चली गई और पीढ़ति किशोरी व परिजनों सहित मौजूदा पुलिसकर्मियों को सुबह आने को कहा। चिकित्सक के इस रवेये को देख सफाईकर्मी ने अस्पताल का गेट बंद कर दिया। परिजनों द्वारा इस बात की जानकारी सीबीएमओ डी बड़ोदिया को भी दी गई लेकिन मेडिकल नहीं हुआ। इस दौरान रात 12:30 बजे तक नाबालिग पीड़िता अपने परिजन के साथ अस्पताल गेट पर खड़ी रही। पुलिस को तीन घंटे से अस्पताल के गेट पर खड़े रहने की सूचना कलेक्टर को मिलने के बाद उन्होंने सीएचएमओ किरण वाडिया से बात की। तब कहीं जाकर सीबीएमओ धनवीर बड़ोदिया ने महिला चिकित्सक को मनाया और रात 1 बजे मेडिकल हुआ। सूत्रों की माने तो महिला चिकित्सक के इस रवैये पर उच्चाधिकारियों ने फटकार भी लगाई है।

# नीट व नर्सिंग कॉलेज घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नीट परीक्षा और नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौराहे पर पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनने की काफी कोशिश की। लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुतला नहीं ले जाने दिया।

इसके बाद कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मप्र में नर्सिंग कॉलेज के घोटाले को बड़ा घोटाला बताते हुए पूर्व मंत्री और अन्य अधिकारी जो इस घोटाले में लिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की आव्हान पर मंत्री विश्वास सारंग का पुतला दहन किया गया।


**विदिशा।** नर्सिंग कॉलेज और नीट परीक्षा घोटाले के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

# विस्फोटक से जानलेवा हमला करने वाले अपराधी के खुलासा न करने पर किया धरना प्रदर्शन

## इंका नेताओं ने पुलिस से हमलावर को गिरफ्तार करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

विगत चार महा पूर्व पंडित सुरेश शर्मा प्रधानी कुंडल वालों के ऊपर विस्फोटक के माध्यम से जानलेवा हमला करने वाले अपराधी का पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का खुलासा न करने को लेकर ब्राह्मण समाज व कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थानीय थाने के सामने धरना प्रदर्शन मंगलवार को आयोजित किया गया। क्षेत्र के पूर्व विधायक रामचंद्र डांगी ने स्थली पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये। दांगी ने पुलिस पर क्रिकेट आईपीएल का सट्टा चालवाने व आरोपियों को पकड़ कर पैसा लेकर छोड़ने का आरोप भी लगाया। इंका नेताओं ने पुलिस से अभिलंब सुरेश शर्मा के हमलावर को गिरफ्तार करने की मांग की।

धरना लगभग 4 घंटे चला उसके उपरांत एसडीओपी नेहा गौर ने धरना स्थल पर पहुंचकर चर्चा कर नेता एवं ब्राह्मणों को आस्वस्थ किया विभाग के साथ मिलकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इंका नेताओं ने भी खुलासा करने की मांग करते हुए बड़ा आंदोलन खड़ा करने को कहा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सोंधिया पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव सुठालिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी श्याम पालीवाल प्रदीप सिंह परमार सरपंच धीरप सोंधिया सजन सिंह सोंधिया मांगीलाल सोंधिया हां जी अब्दुल गफ्फार खान कैलाश कुशवाहा सहित ब्यावरा सुठालिया व ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा अभिषेक शर्मा हेमंत पालीवाल सहित बड़ी संख्या नवयुवक समाज जनों ने धरना स्थल पर उपस्थिति थे।

**कंडेली निवासी मृतिका के पिता ने लगाए आरोप**

# मेरी बेटी ने आत्महत्या नहीं की, उसे ससुराल वालों ने मारा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विगत दिनों छापीहेड़ा थानाक्षेत्रान्तर्गत कंडेली ग्राम निवासी इकलेश पत्नी पारस सिंह सौंधिया का शव कुएं में उतराता मिला था। बाद में पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाते हुए पोस्टमार्टम उपरान्त मर्ग कायम कर जांच में लिया। पुलिस ने प्रारंभिक रूप से इसे आत्महत्या माना है।

इधर, मृतिका इकलेश के पिता बीरम सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की बल्कि ससुराल वालों ने हत्या करके शव को कुएं में फेंका है। पिता बीरमसिंह ने मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन सौंपते हुए बीरमसिंह सहित ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। बीरम सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मायके पक्ष की अनुपस्थिति में उनकी बेटी का पोस्टमार्टम भी करवा दिया। इस बात की रिपोर्ट जब उन्होंने छापीहेड़ा थाने में करना चाही तो वहां उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके साथ ही पुलिस ने कोई एफआईआर, मेडिकल रिपोर्ट भी उन्हें नहीं दी है। बीरमसिंह ने मांग की है कि मामले की जांच करते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या की एफआईआर दर्ज की जाए।

**प्रोग्रेसिव परिवार ने की सकारात्मक पहल**

# मन में ठाना और समझाया सड़क सुरक्षा का महत्व

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को स्कूल प्रबंधन ने दिखाया सुरक्षा का रास्ता



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव परिवार ने एक सकारात्मक पहल करते हुए विद्यालय परिसर मे समस्त दो पहिया वाहन चालको के लिए बिना हेलमेट प्रवेश पर रोक लगा दी है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि ये कदम सड़क सुरक्षा के महत्व को समझते हुए उठाया गया है, जिससे सड़क पर होने वाली दो पहिया दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके स सनद रहे कि दो पहिया वाहन दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौत सिर्फ सर में चोट लगने से होती है। किसी भी अच्छे कार्य के लिए किसी को तो आगे आना ही पड़ता है। इसी सोच के साथ प्रोग्रेसिव के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हेलमेट पहनने का संकल्प लिया है। विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को हेलमेट पहनने का महत्व समझाया व उनसे भी हेलमेट पहनने की गुजारिश की।

**अपनी मनमर्जी से ऑफिस कब आते हैं कब जाते हैं किसी को पता नहीं होता**

# जनपद एपीओ व एई आए दिन नदारत, कागजों में काम दिखाते हैं, जियो टेक व सत्यापन में चल रहा खुला खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण विकास के लिए अनेक प्रकार की योजना लागू की गई हैं। इसी के तहत केंद्र सरकार की ओर से महात्मा गांधी रोजगार ग्रारंटी योजना के तहत भी ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के कार्य स्वीकृत कर ग्रामीण विकास अधोसरचना के साथ मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीण स्तर पर पंचायतो के माध्यम से सभी प्रकार कि योजना धरातल पर लागू करने के लिए पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित सब इंजीनियर जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के साथ ही विकास कार्य का सत्यापन कराने के लिए एई की व्यवस्था लागू की गई है। किंतु सारंगपुर जनपद में जनपद पंचायत के मुख्यकार्य पालन अधिकारी को छोड़कर समस्त अमला लूट करने में जुटा हुआ है।




इतना ही नही पंचायत के इन अधिकारियों कर्मचारियों को किसी का भी कोई डर नहीं है अपनी मनमर्जी से ऑफिस आते हैं कब आते हैं कब जाते हैं किसी को कोई पता नहीं होता हैं। इतना ही नही इन अधिकारी कर्मचारियों को बैठने के लिए स्थान निहित हैं। लेकिन कभी वे वह नही मिलते हैं। इसने जब भी संपर्क किया जाता है तो हमेशा की तरह इनका एक ही जवाब रहता है की हम फील्ड में हैं या दूसरी जगह के प्रभार में है। ऐसा ही सारंगपुर जनपद में चल रहा है। ऐसा इस लिए लिखा जा रहा है कि मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के पास खिलचीपुर और सारंगपुर का प्रभार है। खिलचीपुर वाले से सारंगपुर का बोलते और सारंगपुर वाले से खिलचीपुर का बोलते हैं और जो सरपंच इनकी मांग मनोबल पूरी करता है उनके जियो टेक मोबाइल से सीधे कर देते हैं जबकि नियम यह हैं की किसी भी कार्य की फाइल देखे बिना कोई जियो टेक नही होता है। नियमनुसार समस्त कामों की फाइल पंचायत से लेकर जनपद कार्यालय तक तैयार होना चाहिए। फाइल में किसी भी प्रकार की कमी पूर्ति कराने के लिए ही अधिकारी बनाए गए हैं। लेकिन अचंभित करने वाली बात यह हैं कि सारंगपुर में बिना फाइल देखे ही अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कैसे जियो टेक कर रहे हैं। यही हाल जनपद एसडीओ के हैं वे कभी कभार जनपद में दिखते तो है लेकिन बैठते कहा है किसी को नही मालूम फिर पंचायत द्वारा कराए गए कार्य का सत्यापन कैसे करते हैं यह तो पंचायत सचिव सरपंच उपयंत्री एसडीओ ही अच्छी तरह बता सकते हैं। इनकी मिली भगत के कारण सरकारी धन का दुरपयोग भी हो रहा है। किसी भी पंचायत में जाकर देखा जाए तो पंचायत द्वारा कराए गए कार्य की गुणवत्ता मानक स्तर पर ठीक नही है फिर भी उपयंत्री ले देकर मूल्यांकन चढ़ा देते हैं और एसडीओ सत्यापन कर रहे हैं।

**इनका कहना है...**

कार्यक्रम अधिकारी को दो जगह का प्रभार कैसे है। मैने दोनों जनपद सीईओ से चर्चा की है। जल्द ही व्यवस्था सुधारी जाएगी।।

महिप किशोर तेजस्वी,
जिला पंचायत सीईओ राजगढ़

## खबर संक्षेप

### निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 15 को

**जावर।** चिरायु अस्पताल भोपाल द्वारा संचालित विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन दिनांक 15 जुलाई को सुबह 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में किया जा रहा है, जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी इसी के साथ ही चिन्हित मरीजों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। अपील की है कि जांच कराने वाले अपने साथ आधार कार्ड और मोबाइल नम्बर जरूर लाएं।

### वस्त्र व्यापारी संघ के सदस्यों ने रोपे 80 पौधे

**आष्टा।** पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से वस्त्र व्यापारी संघ के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम कराया गया। इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के प्रवेश द्वार पर लगभग 600 फीट लंबाई की शासकीय जगह पर 80 पौधों का रोपण संघ के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया है। उक्त स्थल को सुंदर वाटिका के समान विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा ने कहा कि जिस प्रकार जीने के लिए अन्न, जल की आवश्यकता है उसी प्रकार पेड़-पौधों का होना भी प्रत्येक व्यक्ति, जीव-जंतु के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर निरीक्षक रविन्द्र यादव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, पर्यावरण प्रेमी धीरज धारवां, वीरेन्द्र देशलहरा, नरेन्द्र गंगवाल, सुशील संचेती मौजूद थे।

### मुआवजा वितरण में तेजी लाने के निर्देश

**सीहोर।** बैठक में कलेक्टर ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्रवाई में तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। जानकारी दी गई कि रामगंज मण्डी रेल लाइन परियोजना के 9 ग्रामों के 342 किसानों को भू-अर्जन की मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। पार्वती परियोजना के 20 ग्रामों के भू-अर्जन के मामले के 1235 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार आष्टा जनपद के अंतर्गत कान्याखेड़ी परियोजना के 4 ग्रामों के 341 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है।

#### मंगल प्रवेश की यात्रा मुनिश्री के ससंघ सानिध्य में प्रमुख मार्गों से निकली

# साधारण कब आसाधारण बन जाएं, समय नहीं लगता: विनम्र सागर महाराज

आचार्य गुरुभगवंत विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज का ससंघ चरण आष्टा नगर में पड़े।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

मैं हमेशा सोचता था कि हमारे गुरुदेव आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के पास आष्टा के समाजजन आते नहीं है फिर भी उन्हें हर साल गुरुदेव के शिष्यों का चातुर्मास कैसे मिल जाता है। गुरु की कृपा आष्टा पर बरसती है, मेरी इस जिज्ञासा का समाधान नगर प्रवेश पर हो गया। आष्टा की आस्था आचार्य भगवंत एवं साधु-साध्वियों पर अधिक है। बच्चों को अगर समय पर संस्कारित करते हैं तो वह कभी भी गलत मार्ग पर नहीं जाएगा। पौधरोपण करें और रोपे गए पौधों की देखभाल भी करें।

बच्चे बड़े आदमी बनें यह सभी चाहते हैं, लेकिन अच्छा आदमी नहीं बनातें हैं। पैसा कमाने की विद्या सीख गया,यह बहुत समझते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं। उक्त बातें संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने नगर प्रवेश के पश्चात श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आशीष वचन देते हुए कही। मुनिश्री के प्रवचन के बारे में समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि विनम्र सागर महाराज ने कहा कि गुरुदेव आचार्य विद्यासागर महाराज ने मूक माटी में एक लेख लिखा है। साधारण कब असाधारण बन जाए, समय नहीं लगता। सवा महीने भोपाल में रहने के पश्चात गुरुवर की प्रिय नगरी आष्टा हम पहुंच गए। आष्टा वाले गुरुवर के पास नहीं आते लेकिन यहां पर चातुर्मास हमेशा उनके शिष्यों का मिला, गुरु की कृपा बरसती है, क्योंकि आष्टा की आस्था बहुत मजबूत है। छोटे से बच्चों को समय पर संस्कारित करते हो तो वह गलत मार्ग पर नहीं जाएगा, पौधरोपण करें और देखभाल भी करें।

बच्चे बड़े आदमी बनें यह सभी चाहते हैं ,लेकिन अच्छा आदमी नहीं बनातें हैं। पैसा कमाने की विद्या सीख गया,यह बहुत समझते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं। जैन दर्शन कहता है कर्म के कारण होता है। अन्य समाज में दो सिद्धांत चलते हैं।हम भगवान बन सकते हैं। भगवान की बनाई हुई रचना बच्चा होना नहीं है। आपको विद्यालय दिखता है और हम वहां के पीछे का नजारा देखते हैं। विद्यालय की स्थिति वहां बाहर व पीछे पड़े विभिन्न गुटखे की पन्नियों आदि से स्पष्ट हो जाता है कि यहां कैसी पढ़ाई होती है और बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। आदमी पाप से डरता है, पुण्य करता है। मां का पुत्र के संस्कार के लिए अपार उत्साह रहता है।घर में गर्भाधान संस्कार किया जाता है।सैय्या की विवाह के बाद आरती उतारते हैं दंपती। दंपती से उत्पन्न बच्चा कोई महावीर तो कोई कुंथकुंथ बनेगा। जो बच्चों को बढ़िया बनाना चाहते हैं वह 5 जुलाई को उपनयन संस्कार महोत्सव में अपने 8 वर्ष आयु के बच्चों को भेजें ।

मुनिश्री ने कहा एक अच्छा आर्टिस्ट अच्छी पेंटिंग बनाता है। दृष्टि में दृष्टिकोण देने का काम जो पूर्वजों ने नहीं सिखाया वह हमें सिखना होगा। समय पर सही निर्णय नहीं लेने से आज 40 साल तक के अविवाहित हैं। आज का युवा 80 प्रतिशत डिप्रेशन के शिकार हैं। कोटा में हर आठ दिन में एक बच्चा आत्महत्या कर रहा है। बच्चों की गृहस्थी में कीड़े नहीं लगेंगे, इस उपनयन संस्कार से। ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हैं। आज स्कूल, कालेज में बच्चे ड्रग्स तक ले रहे हैं, खुले आम सिगरेट, शराब पी रहे हैं। जब बच्चा बाप शब्द बोलता हैं तो मां को बुरा लगता है। ऐसे बच्चे वृद्ध अवस्था में क्या माता पिता की सेवा करेंगे। आगम बच्चों को बढ़िया बना सकते हैं। बच्चे भगवान के बनाए हुए नहीं हैं आपके कर्म से आएं हैं। नर्क से आया बच्चे पैर से दरवाजा खोलते हैं। स्वर्ग से आए बच्चे शांत रहते हैं। मां अपने गर्भ में आएं बच्चे को लेकर चिंतित रहती है कि बच्चा स्वस्थ और सुंदर हो। जांच




के दौरान शंका में आकर डॉक्टर के कहने पर अविकसित बच्चे का गर्भपात करा देते हैं,वह मां कितना कष्ट झेलती है, यह वही समझती है, पुरुष नहीं। गर्भपात पाप है। मुनिश्री ने कहा 5 जुलाई को होने वाले उपनयन संस्कार से इन बच्चों के जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा। हर धर्म के लोग अपने - अपने अनुसार अपने इष्ट की पूजा करते हैं। सार्वभोमिक धर्म है सरलता, सहजता, पवित्र ब्रह्मचर्य । गृहस्थ धर्म वाले को अधिक सार्वभौमिक धर्म का पालन करना होता है। धार्मिक संस्कार बेटों को ही नहीं बेटियों को भी दिलाएं, बहुत जरूरी है, उन्हें आर्यिका माता संस्कारित करती है। बड़े -बड़े होस्टल से कंपोस्ट में क्या-क्या निकलता है, यह आप सभी समझते हैं। गुरुवर की छाया में 324 कमरे भोपाल हबीबगंज में विद्यासागर निलयम बन रहा है। आर्यिका दृढमति माता जी का चातुर्मास भोपाल में बेटियों के लिए हो रहा है। विद्या निलयम के निर्माण में आप भी सहयोग करें।

## श्रमणश्री विनम्रसागर महाराज का हुआ भव्य मंगल नगर प्रवेश

**आष्टा।** आचार्य गुरुभगवंत विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्रमणश्री विनम्र सागर महाराज का ससंघ चरण आस्थावान नगरी आष्टा में पड़ते ही उपस्थित जैन धर्मालुजनों का मन प्रफुल्लित होकर नतमस्तक हो उठा। मुनिश्री के ससंघ अगुवानी के लिए जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं भोपाल नाका पहुंचे, जहां से गाजे-बाजे के साथ मुनिश्री का नगर में प्रवेश कराया।



इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा मुनिश्री से आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात मंगल प्रवेश की यात्रा मुनिश्री के ससंघ सानिध्य में नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई किला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां पर समाजजनों सहित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा भगवान महावीर की पूजा-अर्चना की गई। अगुवाई के दौरान अनेक स्थानों पर मुनिश्री के पगप्रक्षालन कर जैन समाज के महिला-पुरूषों, युवक-युवतियों ने आत्मीय अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। किला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री के आशीष वचन हुए। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष यतेन्द्र जैन, मुकेश बड़जात्या, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, दिलीप सेठी, पार्षद कमलेश जैन, आनंद जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, प्रकाश छाजेड़, त्रिलोकचंद जैन, बद्रीप्रसाद वर्मा, संदीप जैन, संजय जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।

# श्मशान घाट का निर्माण कार्य हो गया शुरू

#### जनप्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण



**जावर।** नगर परिषद ध्यक्ष प्रतिनिधि, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने किया निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

स्थानीय नगर परिषद जावर द्वारा शमशान घाट का निर्माण कार्य लगभग 50 लाख रूपये की लागत से करवाया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य वर्तमान में बन्द था जिसे जनप्रतिनिधियो द्वारा ठेकेदार को निर्देश देकर पुनः चालु करवाया गया। नगर परिषद जावर के अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य,उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, पार्षद विरेन्द्र सिह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी एवं उपयंत्री दीपक अटेरिया द्वारा शमशान घाट निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। तथा ठेकेदार द्वारा उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का अवलोकन किया। अवलोकन उपरांत परिषद पदाधिकारियों ने ठेकेदार को निर्देषित किया कि शमशान घाट निर्माण कार्य में गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाष्त नहीं की जाएगी। प्राक्कालन अनुसार कार्य करवाया जाए। उन्होने कहां की निर्माण कार्य में तराई किए जाने का विषेष ध्यान रखा जाए उन्होने प्रचलित निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए आवष्यक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने कहा की शमशान घाट निर्माण बनने के उपरांत नागरिको को बारिश के समय जो समस्या होती थी वह समाप्त होगी ठेकेदार द्वारा कार्य संतोषप्रद किये जाने हेतु आष्वस्त किया गया।

# कीचड़ व गंदगी से परेशान हैं रहवासी



**जावर।** बारिश के दिनों में इस स्थिति में रहने को मजबूर है रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

बारिश का मौसम शुरू होते ही नगारिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पडता है। लेकिन सबसे ज्यादा समस्या कच्चे मार्ग के कारण होती है। जरा सी बारिश होते ही कच्चे मार्ग कीचड और दलदल में तब्दील हो जाते है। समस्या को लेकर रहवासी कई बार जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराते है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने के कारण स्थिति बिगडती रहती है।

नगर के वार्ड 6 की एक कालोनी में पक्का रोड नहीं होने के कारण रहवासी बारिश के मौसम में किचड व गंदगी से परेशान है। रोड निर्माण को लेकर वार्डवासियो ने कई बार अतिक्रमण व रोड़ को लेकर तहसीलदार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मांग पत्र सौंपा था। पांच वर्ष पूर्व वार्डवासियों ने नगर के वार्ड क्र.6 में मण्डी के समीप मुख्य मार्ग से अरूण भावसार के मकान से षिव प्रजापत के मकान तक सीसी रोड निर्माण कराने की मांग आवेदन देकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की थी। परन्तु पांच वर्ष बाद भी वार्डवासियों की समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई है। वार्डवासियों का कहना है कि कालोनी में जाने वाले रास्ते पर बारहमासी किचड़ जमा रहता है। जिससे यहां के रहवासियों को आने जाने में कई परेशानियां उठाना पड़ रही है। रास्ते में कीचड़ व गंदगी के कारण यहां बिमारियों का डर बना रहता है। इस समस्या को लेकर नगर के जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत कराया गया परन्तु जनप्रतिनिधियों ने भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। रहवासियों का कहना है कि बारिष के मौसम में रोड के किनारे बने मकानों में पानी भरने लगा है। वही बारिष में कीचड़ से परेशानी न होना पड़े इसके नगर परिषद शीघ्र ही उक्त मार्ग पर पक्की मूरम डालवाये जिससे हमे गंदगी व कीचड से परेशान न होना पडे।

# उपनयन संस्कार व प्रथम जिनाभिषेक महोत्सव कल मुनि विनम्र सागर के सानिध्य में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

वैसे तो व्यक्ति अपने बच्चों एवं परिवार जन के जन्मोत्सव आदि मनाते हैं, लेकिन नगर में समाजसेवी राजेश मधु जैन ने अपने सुपौत्र जयश्व सुपुत्र इंजीनियर मयूर नेहा जैन के आठवें जन्मदिन पर समाज के सभी आठ साल की आयु पूर्ण करने वाले बालकों के लिए संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में 5 जुलाई को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर उपनयन संस्कार एवं प्रथम जिनाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया है।

श्री पंचपरमेष्ठी महामंडल विधान पूजन, श्रीजी रथयात्रा एवं उपनयन संस्कार महामहोत्सव 3, 4, 5 जुलाई को आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में जिनेंद्र देव की आराधना एवं उपनयन संस्कार महोत्सव करने का परम सौभाग्य राजेश कुमार जैन इंजीनियर मयूर जैन को प्राप्त हुआ है। 3 जुलाई बुधवार को प्रातः 8 बजे परम पूज्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ का भोपाल नाका से भव्य नगर मंगल प्रवेश होगा। 4 जुलाई दिन गुरुवार स्थान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर जी में प्रातः 7:30 बजे से संगीतमय श्री पंचपरमेष्ठी महामण्डल विधान पूजन। 5 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा किला मंदिर से प्रारम्भ होकर श्री मानस भवन पहुँचेगी, जहाँ श्रीजी के प्रथम कलशाभिषेक, पूजन व बच्चों का उपनयन संस्कार महा महोत्सव सम्पन्न होगा। जैन ने विशेष निवेदन समाज के समस्त अविवाहित छोटे बड़े भैय्या से करते हुए इस उपनयन संस्कार महोत्सव में भाग लेकर गुरु से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य करने का आग्रह किया है। दिगंबर जैन पंचायत समिति अध्यक्ष आनंद पोरवाल एवं महामंत्री कैलाशचंद जैन ने बताया कि जिन सामाजिक बंधुओं के सुपुत्र 8 साल की आयु पूर्ण कर चुके हैं,वह सभी बालकगण को इस भव्य आयोजन में शामिल होने का शुभ भाव राजेश कुमार इंजीनियर मयूर जैन ने संजोया है। उन्होंने समाज जनों से आग्रह किया है कि अपने बच्चों के नाम लिखवाकर इस उपनयन संस्कार एवं प्रथम जिनाभिषेक महोत्सव को महा महोत्सव का स्वरूप देने में सहभागी बने।

### कार्यभार संभालने पर तहसीलदार का किया स्वागत



**जावर।** नगर के तहसील कार्यालय में गत्दिनों तहसीलदार सुमन बाथम ने कार्यभार संभाला। बुधवार को नगर के जनप्रतिनिधियों द्वारा तहसीलदार का शाल श्रीफल बैठकर स्वागत किया गया इस दौरान नायब तहसीलदार अविनाश सोनानिया, पार्षद वीरेंद्रसिंह ठाकुर, मनोज सोलंकी, सचिन राठौर, आशीष सोनी सहिद कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# तीर्थयात्रा कर लौटे दंपती का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

कई दशकों तक स्थानीय सिविल अस्पताल के नेत्र विभाग में अपनी सराहनीय सेवाएं देकर हजारों लोगों की आंखों की रोशनी बढ़ाने वाले मृदुभाषी स्वभाव के धनी डॉक्टर अतुल उपाध्याय और वेदऋचा उपाध्याय द्वारा चारों धाम की तीर्थयात्रा कर लौटने पर नगर के श्रीनाथजी की हवेली में स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम जय परशुराम समूह के द्वारा आयोजित किया गया। समाजसेवी अनोखीलाल खंडेलवाल, प्रभु प्रेमी संघ अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, प्राचार्य प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, श्याम शर्मा सलिल, संतोष शर्मा, परशुराम समूह के हरिनारायण शर्मा, प्रेमनारायण शर्मा प्राचार्य शास्त्री स्कूल, द्वारका सोनी द्वारा डॉक्टर अतुल उपाध्याय और वेदऋचा उपाध्याय का चारों धाम यात्रा करने पर श्रीनाथजी की हवेली मंदिर में सम्मान किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जय परशुराम ग्रुप के अन्य पदाधिकारी एवं साथी भी उपस्थित रहे।

#### भाजपा नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे फलदार पौधे

# प्रकृति, पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने पेड़ का होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

भाजपा का ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत कन्नौद रोड़ स्थित काला तालाब पाल पर निर्मित पार्क में भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों द्वारा नीम, पीपल, जामफल, आम सहित विभिन्न फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सुराना, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मार्केटिंग सोसायटी पूर्व अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, मां हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं



सकता। हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन हमें अपनी मां के प्रेम स्वरूप प्रत्येक पुत्र को उनकी याद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का रोपण अपने घर, प्रतिष्ठान आदि स्थान पर लगाना चाहिए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज जो पौधे हमारे द्वारा लगाए गए है, उनकी देखरेख ठीक उसी प्रकार करनी है जिस प्रकार से मां अपने नवजात बच्चे की करती है। ऐसा करने पर ही पौधे को पेड़ का स्वरूप मिलना संभव है। प्रकृति व पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से भाजपा सरकार द्वारा जो यह अभियान चलाया गया है वह अपने आपमें अनुकरणीय पहल है। प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए इस धरती पर पेड़ का होना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, जुगलकिशोर मालवीय, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, तारा कटारिया, कमलेश जैन, तेजपाल कल्लू मुकाती, रूपेश राठौर, कोमल जैन, बद्रीप्रसाद वर्मा, कमल ताम्रकार, माखन कुशवाह, आनंद जैन, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, मनीष धारवां, मनोहर श्रीवास्तव, देवकरण पहलवान, राकेश प्रजापति, जीतमल बागवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्तागण मौजूद थे।